प्रेस नोट थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर दिनांक 15.03.2026

हत्या का अपराध कारित करने के आरोप में 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हंसिया बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर के द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक पिपराईच के नेतृत्व में थाना स्थानीय की पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 123/2026 अंतर्गत धारा 103(1), बीएनएस से सम्बंधित अभियुक्त कमलेश पुत्र रामबृक्ष निवासी ग्रा0 सिहोरिया थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण –

दिनांक: 13.03.2026 को थाना स्थानीय के ग्राम सिंहोरिया में एक लड़की की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु होने की सूचना प्राप्त हुई थी। इसके संबंध में मृतका की मां के द्वारा थाने पर एक प्रार्थना पत्र दिया गया था कि उनकी लड़की की गिरने की वजह से चोट आने के कारण इलाज कराने के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां पर उसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई है। तत्समय इस सूचना के आधार पर नियमानुसार पंचायतनामा और पोस्टमार्टम की कार्यवाही करायी गयी और इस प्रकरण की थाना पिपराइच की पुलिस के द्वारा सभी संबंधित पहलुओं पर गंभीरतापूर्वक गहराई से जांच की गयी। जाँच के दौरान यह ज्ञात हुआ कि उसकी लड़की किसी लड़के से बात करती थी, जिससे उसका अपने पिता से वाद-विवाद होता रहता था 1 घटना के दिन भी इसी बात को लेकर पिता से बेटी का वाद-विवाद हुआ, जिसपर पिता ने क्रोधित होकर अपनी पुत्री से मारपीट कर लिया था, जिससे उसकी लड़की को गंभीर चोट आई थी। बाद में परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी। इस प्रकरण में समुचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

कमलेश पुत्र रामबृक्ष निवासी ग्रा0 सिहोरिया थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 123/2026 धारा 103(1), बीएनएस थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर

बरामदगी का विवरण-

घटना में प्रयुक्त 01 अदद हंसिया

गिरफ्तारी की टीम–

1. प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 रमेश कुमार साहनी थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर
3. का0 संदीप कुमार थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर
4. का0 चन्दन सिंह थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर